हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 नवंबर 2025

12 पीएम के स्वदेशी अपनाओ मंत्र को जीवन...


12 सेहलंग में लगे नेत्र जांच एवं उपचार शिविर में कराई...


1.24 करोड़ रुपये खर्च कर बनाई जाएगी पक्की सड़क

# कुरहावटा से पांचों पीर जेरपुर का कच्चा रास्ता होगा पक्का, हर वक्त उड़ती थी धूल-मिट्टी, मार्केटिंग बोर्ड ने कराया निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मार्केटिंग बोर्ड ने कुराहवटा वाया क्रेशर जोन वाया पांचों पीर जेरपुर का लगभग 800 मीटर एरिया के कच्चे रास्ते का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। मार्केटिंग बोर्ड की ओर से एक करोड़ 24 लाख रुपये खर्च कर सड़क बनाई जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता कुराहवटा वाया क्रेशर जोन वाया पांचों पीर जेरपुर तक जाता है, जिससे इस रास्ते पर दोनों गांव के लोगों का आना-जाना हर वक्त लगा रहता है, लेकिन यह रास्ता कच्चा होने के कारण यहां हर वक्त धूल-मिट्टी उड़ती रहती है, जिससे लोगों को यहां से गुजरने में परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि रास्ता कच्चा होने से बरसात के दिनों यहां कीचड़ बनी रही है, जिससे लोगों को उन दिनों और परेशानी झेलनी पड़ती है। रास्ते में जगह-जगह गड्ढे भी बने हुए है। ऐसे में वाहन निकालते वक्त गड्ढे में धंस जाते हैं। इससे वे चोटिल हो जाते हैं और इससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि कच्चे रास्ते से न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि हादसा होने का डर बना रहता था। ग्रामीण लंबे समय से इस रास्ते का निर्माण करने की मांग कर रहे थे, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिल रहा था। सरकार द्वारा सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलते ही मार्केटिंग बोर्ड ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। आने वाले समय में उनका सफर आसान होगा। सड़क बनने से ग्रामीणों का आवागमन आसान होगा।

अब मार्केटिंग बोर्ड की ओर से एक करोड़ 24 लाख रुपये खर्च कर सड़क बनाई जाएगी। फिलहाल ठेकेदार की ओर से कच्चा रास्ता उखाड़ने का कार्य किया जा रहा है।



महेंद्रगढ़। कच्चे रास्ते को उखाड़ती जेसीबी मशीन। फोटो: हरिभूमि

### दस हजार की आबादी को मिलेगा लाभ

बता दें कि सड़क का निर्माण होने से दस हजार की आबादी को लाभ मिलेगा। इस रास्ते से तीन गांव जेरपुर, कुरहावटा व पालड़ी पनिहार के ग्रामीणों का आवागमन आसान होगा। इस रास्ते पर गांव का सबसे बड़ा मंदिर पांचों पीर मंदिर भी स्थित हैं, जिसमें काफी श्रद्धालु मंदिर में आस्था रखते हैं। यह रास्ता जेरपुर पाली रेलवे स्टेशन सभी कनेक्ट होगा।

### सरकार व प्रशासन का जताया आभार

उम्मीद जन सहयोग फाउंडेशन के उपप्रधान संदीप फौजी ने कहा कि उनके द्वारा लंबे समय से कच्चे रास्ते को पक्का करने की मांग उठाई जा रही थी। फाउंडेशन के द्वारा कई बार विभाग को पत्र भेजे गए। अब प्रशासन व सरकार की ओर से इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। उम्मीद जन सहयोग फाउंडेशन सरकार व प्रशासन का आभार जताता है।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजन उपकरण वितरण शिविर आज

**नारनौल।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार एवं एएलआईएमसीओ के सहयोग से हुडा स्थित संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन एवं पुनर्वास केंद्र में निःशुल्क दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण हेतु निःशुल्क जांच एवं पंजीकरण शिविर 24 नवंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा।

### किसान आंदोलन की पांचवीं वर्षगांठ 26 को

**नारनौल।** ऐतिहासिक किसान आंदोलन की पांचवीं वर्षगांठ का जिला स्तरीय आयोजन 26 नवम्बर को चितवन वाटिका में किया जाएगा। एआईकेकेएमएस के जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह ने बताया कि आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव में सघन जन सम्पर्क अभियान चलाकर किसानों से दिनांक 26 नवम्बर को प्रातः 11 बजे चितवन वाटिका नारनौल में पंहुचने की अपील कर रहे हैं।

### जिलेभर में चलाया वाहन सघन जांच अभियान

**नारनौल।** पुलिस प्रवक्ता मुताबिक पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार पुलिस ने जिले में व्यापक और सघन वाहन जांच अभियान चलाया। प्रमुख स्थानों और सभी बॉर्डर नाकों पर विशेष नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की गई। एसपी ने नाकों पर तैनात सभी कर्मचारियों को सघनता से जांच करने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करने के स्पष्ट निर्देश दिए हुए हैं।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल व पुलिस

# रेवाड़ी रोड स्थित कपड़े के शोरूम में लगी आग, लाखों का नुकसान

*फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर पाया काबू, जबकि आग बुझाने से पहले सामान जलकर हुआ नष्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में रेवाड़ी रोड स्थित कैलाश नगर में हाल ही में खोले गए लेटेस्ट फेशन हब में अज्ञात कारणों के चलते शनिवार रात को आग लग गई। इस आगजनी की घटना में शोरूम मालिक को लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां व पुलिस भी मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक शोरूम मालिक का लाखों रुपये के पकड़े जल चुके थे। शोरूम मालिक ने प्रशासन ने आर्थिक सहायता देने की मांग की है, ताकि अपने परिवार को पालन पोषण कर सके।

इस बारे में शोरूम मालिक भिवानी निवासी रतनसिंह रावत ने बताया कि वह भिवानी जिले का रहने वाला है। उसने रेवाड़ी रोड कैलाश नगर में करीब ढाई महीना पहले ही लेटेस्ट फेशन हब नाम से कपड़े का बड़ा शोरूम खोला है। शादी सीजन के चलते इसमें दुल्हन के लहंगा, चुनी, साड़ी, शूट, सलवार, शेरवानी, कोट पेंट, गाऊन, ट्रेकशूट आदि बिक्री के लिए महंगे–महंगे कपड़े रखे हुए थे। इस शोरूम पर काम करने के लिए दो–तीन वर्कर रखे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि शनिवार देर सायं शोरूम को बंद कर घर चला गया था। इसके बाद रात तीन बजे बाद उसके पास किसी अज्ञात व्यक्ति का उसके मोबाइन पर फोन आया और उसने बताया कि शोरूम में आग लगी हुई है। यह सूचना मिलने पर उसने शोरूम पर काम करने वाले वर्करों को मौके पर भेजा। जब वह गांव से शोरूम पहुंचे, तब तक किसी ने इसकी सूचना दमकल व पुलिस को भी दे दी थी। ऐसे में जब वह वहां पर पहुंचा तो मौके पर फायर ब्रिगेड कर्मचारी व पुलिस आग पर काबू पाते मिले। पीड़ित ने बताया कि फायर ब्रिगेड कर्मचारी ने काफी हद तक आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक शोरूम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था। मालिक ने बताया कि उसने सुबह पहुंचकर शोरूम में लगी आग से हुए नुकसान को देखा है। इस आगजनी की घटना में पकड़े व अन्य सामान जलने से उसे लाखों रुपये का नुकसान हो गया है।





नारनौल। आग लगने से शोरूम में जला सामान व मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियां। फोटो: हरिभूमि



नारनौल। आग पर काबू पाने की कोशिश करते फायर ब्रिगेड कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### शॉर्ट सर्किट की आशंका

*शनिवार रात जब आग लगी, तब शोरूम बंद था। सूचना मिलने उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। मालिक रतनसिंह ने बताया कि फॉयर ब्रिगेड वालों ने बताया है कि शोरूम के बाहर लगे तार गर्म हो रखे थे और उनमें ही शॉर्ट सर्किट हुआ लगता है।*

### दो गाड़ियां पहुंची मौके पर

आग लगने की सूचना पाकर मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। वरिष्ठ फायर कर्मी संदीप यादव ने बताया कि शोरूम में आग लेने की सूचना उपरांत दोनों गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था तथा महेंद्रगढ़ एवं अटेली की गाड़ियों को भी कॉल की गई थी, लेकिन इन दो गाड़ियों ने ही आग पर काबू पा लिया। मौके पर पुलिस भी पहुंची थी, जिसने भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया।



नारनौल। मीटिंग करते अग्रवाल समाज के गणमान्य लोग। फोटो: हरिभूमि

पांचवां 18 कुंडीय महायज्ञ होगा

# अग्रोहा में प्रस्तावित कुलदेवी महालक्ष्मी वरदान पर्व को लेकर हुई बैठक

*नारनौल से सैकड़ों की संख्या में अग्र-बंधु पहुंचेंगे अग्रोहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अग्रोहा शक्तिपीठ में 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी वरदान पर्व भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पांचवां 18 कुंडीय महायज्ञ का भी आयोजन होने जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए नारनौल से सैकड़ों की संख्या में अग्र-बंधु अग्रोहा पहुंचेंगे। इस संदर्भ में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला महेंद्रगढ़ के संरक्षक लाला सत्यनारायण गुप्ता के कार्यालय में एक बैठक हुई, जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग उपस्थित रहे। अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट, प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र चौधरी, जिला उपप्रधान बद्रीप्रसाद गर्ग, मंत्री कृष्ण कंछल, अरुण नूनीवाला, विष्णु गर्ग, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सावित्री संघी, रानी संघी व अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने बताया कि अग्रोहा महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी रही है। यहां स्थित अग्रोहा शक्तिपीठ में कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी का विशाल एवं भव्य मंदिर का निर्माण कार्य भव्य स्तर पर जारी है। इस मौके पर कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी वरदान पर्व मनाया जा रहा है तथा पांचवा 18 कुंडीय भव्य महायज्ञ आयोजन होगा। अग्रवाल बंधु अपने पितरों की इस पावन भूमि पर भगवान अग्रसेन महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित करें।



मंडी अटेली। लड़का लड़की को आशीर्वाद देते परिजन। फोटो: हरिभूमि

### अटाली के सरपंच ने पुत्र की शादी बिना दहेज की

**मंडी अटेली।** गांव अटाली के सरपंच जीतपाल ने अपने पुत्र की शादी बिना दहेज के साथ संपन्न की है। सरपंच ने बताया कि दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के लिए उन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है। दहेज रहित शादी की शुरुआत उन्होंने अपने घर से की है। उनके घर उनके बहू नहीं आई, बल्कि बेटी आई है। लगभग एक वर्ष पूर्व भी उनके बड़े भाई आर्मी मेडिकल कोर से रिटायर्ड राजेंद्र सिंह ने भी अपने बच्चों की शादी बिना दहेज से की थी। उन्होंने अपने पुत्र सचिन यादव की शादी एक सिक्के की रस्म के साथ जिले के गांव सुंदरह निवासी करीना के साथ की है। करीना फिलहाल चंडीगढ़ पुलिस में कार्यरत है। उन्होंने इस शादी को बिना दहेज के कराने के लिए दोनों ही परिवारों से पहले से ही संपर्क साधकर उन्हें प्रेरित किया था। जिस पर दोनों ही परिवारों ने दहेज लेने व देने के खिलाफ उनका सहयोग देने का वादा किया।



नारनौल। जन्मदिन पर वरिष्ठ नागरिक को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# दुकान में तोड़फोड़ करने के आरोप में आठ पर केस

- कुत्ते की फीड लेने के बहाने से बुलाया दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

दुकानदार से मारपीट कर घायल करने के आरोप में शहर थाना पुलिस ने आठ अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। इस बारे में नयागांव जिला रेवाड़ी निवासी व्यक्ति मोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने पेंट शाप के नाम से कनीना में दुकान कर रखी है। बीती 18 नवंबर को समय करीब साढ़े 11 बजे जब वह दुकान पर हाजिर नहीं था, तब उसके मोबाइल पर अज्ञात नम्बर से कॉल आई, जिसमें कुत्ते की फीड लेने की बात कही। वह करीब 12 बजे दुकान पर आया तो 7-8 व्यक्ति दुकान पर हाजिर मिले। जैसे ही मोनू ने उनको फीड दिखाना शुरू किया तो 5-6 व्यक्तियों ने उससे मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने दुकान में भी तोड़फोड़ की और गल्ले में रखी करीब 5-6 हजार रुपये की नकदी निकाल ली। सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और मेमोरी कार्ड भी साथ ले गए। घायल दुकानदार मोनू को उपनागरिक अस्पताल में दाखिल कराया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

कनीना सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक संदीप हुड्डा ने बताया कि मोनू की शिकायत पर मारपीट के आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रेलवे की तीन अंडरपास में भरे पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग

*साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक मे संगठन के उपप्रधान विजय सिंह रहीश ने बताया कि बहरोड रोड, सीआईए व सामान्य अस्पताल के पास बने तीनों अंडरपास में काफी समय से पानी भरा रहता है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ आमजन को भी काफी परेशानी रहती है। कई लोग तो दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए रेलवे-स्टेशन मास्टर को व जिला प्रशासन से पहले भी अनुरोध कर चुके हैं, लेकिन जलभराव की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। इसलिए जिला प्रशासन इस समस्या का तुरन्त निदान करवाया जाए। शिवलाल वर्मा ने बताया कि सुभाष पार्क की पूर्व दिशा में वाटर हट के पास एक टूटा हुआ पोल सड़क के बीच में खड़ा है।

### ये रहे मौजूद

*बैठक में मा. जयदयाल, बीएल सैनी, मास्टर भागीरथ प्रसाद, हरिराम गुप्ता, ओपी बत्रा, पीसी जैन, शिवलाल वर्मा, शिवहरि अग्रवाल, अजीत प्रकाश जैन, सोहनलाल चौहान, बद्रीप्रसाद गर्ग, नरेंद्र कुमार धौलिया, बृजमोहन एडवोकेट, गणपत राम सैनी, रविन्द्र कुमार चौधरी, देवीदयाल, जसवंत सिंह यादव, बिशन सिंह यादव, राकेश यादव, रोहतास सिंह लाम्बा, महेंद्र वर्मा, विनोद कुमार गर्ग और लक्ष्मीनारायण आर्य आदि उपस्थित रहे।*

लाला देवी चंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला के सहयोग से यादव धर्मशाला में लगाया शिविर

# 52 लाभार्थियों को वितरित किए गए कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट द्वारा लाला देवी चंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला के सहयोग से यादव धर्मशाला में निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक दिनेश शर्मा एवं नरोत्तम सोनी ने बताया कि शिविर में क्षेत्र के 52 लाभार्थियों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार यादव एडवोकेट राता वाले रहे। अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरदार डॉ. जागीर सिंह मित्रपुरा, पूर्व बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, समाजसेवी पवन यादव, मुकेश यादव, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य तेजेन्द्र पाल सिंह नीनू, सुरेश चंद शर्मा एवं यादव कल्याण सभा के सचिव सूबेदार मेजर कंवर सिंह यादव उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राजकुमार यादव एडवोकेट ने दिव्यांग सहायता कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज में दिव्यांगजन आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ें। इसके लिए ऐसे शिविरों का आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक है। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग प्रदान कर उनके जीवन में नई ऊर्जा और सशक्तिकरण का संचार करना हमारा कर्तव्य है और ट्रस्ट अभी तक 500 लोगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उप्लब्ध करा चुका है।

कार्यक्रम में विशिष्ट सहयोगी के रूप में अजय शर्मा, ओशिन शुक्ला, राकेश शर्मा, गौतम मिगलानी, भीमसेन शर्मा, सोमदेव जांगिड़, हरिकिशन गौड़, अमित शर्मा, पर्यावरणविद कृष्ण शर्मा एडवोकेट, चौरासिया ब्राह्मण सभा से जिला प्रधान अनिल बवानिया आदि उपस्थित रहे।



नारनौल। वरिष्ठ नागरिक का कृत्रिम अंग प्रदान करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### खिल उठे दिव्यांग भाई बहनों के चेहरे

शिविर में कृत्रिम अंग प्राप्त कर लाभान्वित व्यक्तियों के चेहरे पर खुशी की चमक और संतोष की मुस्कान साफ दिखाई दी। कृत्रिम पांवों के सहारे चलते हुए उनका आत्मविश्वास मानो आसमान छू रहा था। लंबे समय बाद मिली यह सुविधा उनके लिए नए जीवन की तरह साबित हुई, जिसमें उम्मीद, ऊर्जा और आगे बढ़ने का साहस साफ झलक रहा था। बता दें कि लाला देवीचन्द ग्रोवर निर्माणशाला की तरफ से पहुंचे विशेषज्ञ टीम के सदस्य रामफल, विक्रम सिंह एवम रामकिशन ने बताया कि डॉ. संजय शर्मा, भीमसेन शर्मा और उनकी टीम के प्रयास से नारनौल में यह पांचवां शिविर है।

## विधायक ने चीफ इंजीनियर सहित अधिकारियों के साथ किया मंथन

# दादरी में 46 करोड़ रुपये से पेयजल व्यवस्था होगी सुदृढ़

लोहारू कैनाल से मिसरी, सौंप, कासनी, सांवड़ व कोहलावास में पेयजल लाइनें बिछाने का कार्य होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

विधानसभा के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विधायक सुनील सांगवान ने पब्लिक हेल्थ के चीफ इंजीनियर सहित कई विभागों के आला अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस दौरान विधायक ने विभागों से आपसी तालमेल कर परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

वहीं, पेयजल व सीवरेज की नई लाइनें बिछाने का खाका तैयार करने की बात कही। रविवार को विधायक सुनील सांगवान ने अपने कैंप कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग मीटिंग की। मीटिंग में पब्लिक हेल्थ के चीफ इंजीनियर जयवंत सिंह, एसई सुनील रंगा, एक्सईएन सोहनलाल के अलावा सिंचाई, शहरी निकाय, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।


अधिकारियों से पेयजल योजना पर चर्चा करते विधायक सुनील सांगवान।

इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि लोहारू कैनाल से करीब 46 करोड़ की परियोजना के तहत गांव मिसरी, कोहलावास, सौंप, कासनी व सांवड़ में पेयजल लाइनें बिछाने का कार्य किया जाएगा। विधायक ने अधिकारियों को गांव सांवड़ को महाग्राम योजना के तहत डीपीआर बनाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा दादरी शहर में जलभराव के पुख्ता प्रबंधों के अलावा चल रहे विकास कार्य पूरा करने की समय-सीमा भी निर्धारित की गई। दादरी शहर के रोहतक चौक से हीरा चौक, शंकर कालोनी, चंपापुरी से झाड़ू चौक, रामबाग से शिव मंदिर, धर्मकांटा से रंगीला मंदिर व रोहतक फाटक से ढाणी फाटक तक पेयजल की नई पाइप लाइन बिछाई जाएंगी। वहीं वार्ड चार में पीने के पानी व पानी निकासी की भी नई पाइप लाइनें बिछाने के निर्देश दिए। वहीं विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि पिछली मीटिंग में दादरी शहर से पानी निकासी के दो से तीन घंटों में निकालने के प्रबंध किए गए थे। अब अधिकारियों को स्पष्ट कहा है कि पानी निकासी के ऐसे प्रबंध किए जाएं ताकि आधा से एक घंटे के दौरान समाधान पूरा हो जाए। वहीं कुछ कार्यों में देरी को लेकर विधायक ने अधिकारियों को डांट लगाई और तय समय में उनके विभागों से संबंधित कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र सिलगर, सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र गुप्ता, नप उपाध्यक्ष संदीप फोगाट व नगर पार्षद कुलदीप सैनी आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली जंतर मंतर पर कल करेंगे प्रदर्शन

**भिवानी।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेश प्रवक्ता शिवकुमार शास्त्री ने कहा कि संघर्ष समिति पुरानी पेंशन बहाल करवाकर ही दम लेगी। प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल व राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु के नेतृत्व में ओपीएस के इस आंदोलन को उस मुकाम पर पहुंचा दिया है, जहां से पीछे हटने का विकल्प ही नहीं बचता, इसलिए 25 नवंबर मंगलवार को देश प्रदेश से बड़ी संख्या में कर्मचारी दिल्ली जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए एकत्रित होंगे और सरकार को समझाएंगे और नहीं मानती है तो चेताएंगे।

उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान में पिछली पेंशन रैली में आज तक के सभी रिकॉर्ड टूट गये थे, जिसमें पचास लाख के लगभग कर्मचारी आए थे जो मैदान में जगह नहीं होने के कारण पूरी दिल्ली में फैले हुए थे। गौरतलब है एक ही देश में तीन चार तरह की पेंशन दी जा रही हैं और असली पेंशन जिसे पुरानी पेंशन कहा जाता है केवल सांसद, विधायकों, मंत्रियों, पीएम, सीएम, न्यायधीश व फौज को दी जाती है, जिसमें अर्धसैनिक बल शामिल नहीं हैं।

## खबर संक्षेप



### निबंध लेखन में छात्रा हीना प्रथम

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा हीना सुपुत्री रमेश कुमार ने गीता जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में भिवानी में आयोजित जिला स्तरीय महोत्सव में निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा हीना राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र जाकर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इसी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय की ही छात्रा दीपिका सुपुत्री संदीप कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैथा स्थान हासिल कर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्कृत प्राध्यापक नवीन कुमार ने इस सफलता को छात्राओं की कड़ी मेहनत व सतत प्रयासों का परिणाम बताया। इस अवसर पर सुनील शर्मा, सत्यवान यादव, दीपाली, नवीन काजल, कपिल यादव, मनोज अग्रवाल, गीता रानी, रविन्द्र, सुदेश सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे तथा विजेता छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



### खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की दिलवाई शपथ

**चरखी दादरी।** भिवानी में 29 से 30 नवंबर से आयोजित होने वाली हरियाणा राज्य सब जूनियर खो-खो प्रतियोगिता के लिए दादरी जिला की बालक व बालिका टीमों का चयन रविवार को जनता कॉलेज स्टेडियम में किया गया। जिसमें लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। हरियाणा स्पोर्ट्स खो-खो संघ के उपाध्यक्ष विजेश जांगड़ा ने बताया कि चयन प्रक्रिया चयन समिति की देख-रेख में हुई, जिसमें 15 बालक व 15 बालिकाओं का चयन किया। ट्रायल के दौरान मुख्यतिथि एसआई तूफान सिंह व जिला खो-खो संघ चेयरमैन यशदीप फोगाट ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई। एमेच्योर खो-खो संघ के प्रधान संजय शास्त्री, उपाध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. सीमा देवी, दिनेश पटवारी, सुरेंद्र ठेकेदार, दीपक कुमार, मंदीप कोच, परमजीत कोच, आकांक्षा, निशु, अजय, शमशेर कोच, रिंकू शास्त्री ने दोनों टीमों को हरियाणा राज्य स्तरीय सब जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में पदक लाने की शुभकामनाएं दी।



### स्टेट खो खो प्रतियोगिता के लिए हुए ट्रायल

**बवानीखेड़ा।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानीखेड़ा के खिलाड़ियों ने आगामी 29 नवंबर को भिवानी में दो दिवसीय खो खो सब जूनियर व 6 दिसंबर को कैथल में आयोजित होने वाली जूनियर स्टेट खो खो प्रतियोगिता के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। एमेच्योर खो खो एसोसिएशन के महासचिव गोविंद जांगड़ा कोषाध्यक्ष कृष्ण यादव ने बताया कि लगभग 200 लड़के व लड़कियों ने इस चयन प्रक्रिया में भाग लिया। लड़कों की सब जूनियर टीम में जावेद ,सूरज, रियान, प्रिंस, राहुल ,मोहित आदि का चयन हुआ इसके साथ ही साथ लड़कियों की सब जूनियर टीम के लिए खुशबू, मोनिका, पलक, निशा, ज्योति आदि का चयन हुआ है। लड़कियों की जूनियर टीम के लिए सीनू,अंजलि,मीनू शिक्षा,टीना आदि का चयन हुआ है। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के निदेशक विकास यादव व प्रधानाचार्य ताराचंद

## भाईचारे को खराब करने वाली भाजपा का विकल्प बनेगी कांग्रेस : बृजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा शुरू की गई सद्भाव यात्रा रविवार को लोहारू विधानसभा क्षेत्र के गांव बड़वा पहुंची, जहां यात्रा ने जनसभा का रूप ले लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी व फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने हरियाणा के सामाजिक ताने-बाने और भाईचारे को खराब कर दिया है। हमारी ये सद्भाव यात्रा केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि हरियाणा की उस पुरानी संस्कृति को वापस लाने का प्रयास है, जहां सभी जातियां और धर्म एक साथ मिलकर रहते थे। उन्होंने आह्वान किया कि वे एकजुट होकर कार्य करें ताकि प्रदेश में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार का विकल्प तैयार किया जा सके। इस अवसर पर करण सिंह श्योराण, राजसिंह गागड़वास, अधिवक्ता राजीव मतानी, डॉ. सतबीर वर्मा, बनवारीलाल मंडा, गंगाराम, ज्ञानीराम, सुभाष कुमार, सुरेश बीडीसी, ब्लॉक प्रधान साधुराम, बहादुरचंद, सुमित, सुरेश रूपाणा, मुशीराम, लीलूराम पूर्व सरपंच, नुकुल श्योराण, सुनील श्योराण, धर्मबीर दुहन व सुशील मौजूद रहे।


सद्भाव यात्रा में शामिल पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## बाबा जीतनाथ के भंडारे में उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महम रोड स्थित लठियावाली जोहड़ी पर रविवार को श्रद्धा एवं भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस पावन अवसर पर बाबा जीतनाथ की स्मृति में 58वें भंडारे व हवन-यज्ञ का भव्य आयोजन किया, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु और साधु-संतों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व बैंक महाप्रबंधक नरेश तंवर ने आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वार्षिक कार्यक्रम में सबसे पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ किया गया।

इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया, जहां पंक्तिबद्ध होकर अनेक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि बाबा जीतनाथ की स्मृति में हर वर्ष 23 नवंबर को तीर्थ स्थल पर भंडारे व यज्ञ का आयोजन किया जाता है। तंवर ने बाबा लठिया वाली जोहड़ी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पालुवास गांव का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है। यहां आस-पास के क्षेत्रों से हजारों महिलाएं विशेष रूप से गोपिका स्नान के लिए आती हैं और पवित्र जोहड़ी में श्रद्धापूर्वक डूबकी लगाती हैं। पालुवास गांव के सरपंच प्रतिनिधि रणवीर फौजी ने कहा कि ये स्थल स्वयं बाबा जीतनाथ की तपोभूमि रहा है। इस अवसर पर बाबा रूपनाथ, बाबा महाबीर गिरि, दिनेश सोनू, डॉ. कुलदीप, सतीश मैंबर, रमेश मास्टर, नवीन, उदयसिंह, कंवरपाल, ओमप्रकाश, सतीश, सन्नी जांगड़ा, सन्नी तंवर आदि श्रद्धालुगण मौजूद रहे।


बाबा जीतनाथ को नमन करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## कैरियर प्लेनेट स्कूल ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता


खिलाड़ियों का परिचय लेकर मैच शुरू करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की टीचर्स के लिए जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता हलवासिया विद्या विहार ग्राउंड में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 8 प्राइवेट स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। चार स्कूलों की टीम सेमीफाइनल में पहुंची, जिनमें भिवानी पब्लिक स्कूल, करियर प्लैनेट पब्लिक स्कूल, वैश्य इंटरनेशनल स्कूल और सैनिक स्कूल की टीम शामिल थी। सेमीफाइनल में वैश्य इंटरनेशनल और करियर प्लैनेट पब्लिक स्कूल की टीमें विजेता रही। फाइनल मैच में करियर प्लैनेट पब्लिक स्कूल ने वैश्य इंटरनेशनल स्कूल की टीम को हराया। पहले बैटिंग करते हुए वैश्य इंटरनेशनल स्कूल ने 33 रन बनाए। कैरियर प्लेनेट पब्लिक स्कूल ने 34 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 6 ओवर में सफलता से हासिल कर लिया। वैश्य इंटरनेशनल स्कूल उप विजेता रहा, जबकि भिवानी पब्लिक स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रामावतार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एसोसिएशन हर साल इस तरह के आयोजन करता है। इस अवसर पर शिशु भारती हाई स्कूल के फाउंडर विनोद मिर्ग, एडवोकेट राकेश कटारिया, प्रिंसिपल अनीता नाथ, हलवासिया विद्या विहार के प्रिंसिपल विमलेश आर्य, वैश्य इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल करतार सिंह जाखड़, कैरियर प्लेनेट पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर यतीन्द्र नाथ, एसोसिएशन के जिला प्रधान अमित डागर, महासचिव कर्ण मिरग व अन्य स्कूल संचालक उपस्थित थे।

## हिसार में होने वाले विरोध-प्रदर्शन के लिए चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने हिसार में 26 नवंबर को एक जोरदार प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए ब्लॉक बवानी खेड़ा के गांव रतेरा, सिपर, बोहल में जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी, एडवोकेट बस्तीराम, महेंद्र सिंह कटारिया, सतवीर सिंह बोहल, ओम प्रकाश मंडेरना, गुलाब सिंह नेहरा, भूपेंद्र सिंह रतेरा की अहम भूमिका रही। इस दौरान जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अभी तक भारी बारिश, जलभराव व बाढ़ से 4 महीने पहले बर्बाद हुई फसलों की गिरदावरी का काम भी पूरा नहीं किया है, जबकि मुख्यमंत्री ने कहा था कि सरकार दिवाली से पहले किसानों को फसल बर्बादी का मुआवजा दे देगी। हमारा संगठन सरकार के टरकाऊ रवैये की कड़ी निंदा करता है।

उन्होंने कहा कि इन तमाम मुद्दों को लेकर एवं गन्ने के भाव बढ़ाने, सभी मंडियों में डिजिटल कांटे लगाने, धान की खरीद में नमी प्रतिशत को 17 से बढ़ाकर 22 प्रतिशत करने की मांगें तथा जो किसानों के राष्ट्रीय स्तर के मुद्दे लंबित हैं जिनका केंद्र की सरकार समाधान नहीं कर रही है, जिसमें एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी का क़ानून बनाने, बिजली बिल संशोधन 2025 और स्मार्ट मीटर की योजना वापस लेने, किसान मज़दूरों को कर्ज मुक्त करने और बीमा कंपनियों की लूट पर रोक लगाने की प्रमुख मांगें हैं, जिनको लेकर किसानों में भारी नाराज़गी है और रोष बना हुआ है। इन सभी मुद्दों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर 'दिल्ली चलो आंदोलन' के पांच वर्ष पूरे होने के अवसर पर 26 नवंबर को हिसार में एक प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा जिसमें भिवानी से बड़ी संख्या में किसान तथा कृषि श्रमिक शामिल होंगे।

## ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण शुल्क में बढ़ोतरी कृषि की रीढ़ तोड़ने वाला निर्णय : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण शुल्क में की गई 10 गुना बढ़ोतरी को लेकर राज्यभर के किसानों में भारी रोष व्याप्त है। भारतीय किसान यूनियन ने इस फैसले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे किसानों की कमर तोड़ने वाला और कृषि की रीढ़ पर सीधा हमला करार दिया है। भाकियू जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने कहा कि एक तरफ तो सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ देने का दावा कर रही है, वही दूसरी ओर ट्रैक्टर जैसे अत्यावश्यक कृषि उपकरण पर इतना भारी टैक्स लगाकर किसानों को लूटने का काम कर रही है। आर्य ने बताया कि सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2020 में ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण के लिए कुल एक हजार 80 रुपये का भुगतान करना पड़ता था, जिसमें रजिस्ट्रेशन शुल्क, स्मार्ट कार्ड शुल्क, यूजर चार्ज और पोस्टल शुल्क शामिल थे। लेकिन अब महज 5 वर्षों में यही शुल्क बढ़कर 10 हजार 485 हो गया है, जिसमें मुख्य रूप से रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण शुल्क को 10 हजार निर्धारित किया गया है।

## चार श्रम संहिताएं मजदूरों के खिलाफ : डॉ. विकास

**भिवानी।** केंद्र सरकार द्वारा देश की चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) को अचानक लागू किए जाने से देश भर के मजदूरों के भविष्य पर चिंता के बादल छा गए हैं। युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अधिवक्ता विकास कुमार ने इस कदम को श्रमिकों के संवैधानिक अधिकारों पर सीधा प्रहार बताते हुए इसकी तुलना पहले थोपे गए काले कृषि कानूनों से की है। उन्होंने कहा कि संहिताएं बिना आवश्यक ढांचे (नियम, प्रवर्तन अधिकारी, ट्रिब्यूनल) के लागू की गई हैं, जो पूरी प्रक्रिया को श्रमिकों के अधिकारों को कुचलने वाला बना सकती हैं। इन संहिताओं को लागू करने का तरीका मजदूरों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि संहिताएं बिना आवश्यक नियम बनाए, बिना प्रवर्तन अधिकारियों की नियुक्ति किए और बिना श्रम ट्रिब्यूनल गठित किए लागू की गई हैं।

मार्केट न्यूज

## झोझु कलां में पूर्व छात्र सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

**चरखी दादरी।** महिला महाविद्यालय झोझु कलां व महिला शिक्षण महाविद्यालय झोझु कलां में पूर्व छात्र सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाप 40 के प्रधान श्री सोमबीर सांगवान द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों की सूची में श्री सोमबीर घसौला, श्री महादेव बलाली, श्री महावीर फौगाट , खाप 13 के प्रधान श्री सूरजभान, डॉ० बी० एम० यादव कुलपति बी.एम.यू. रोहतक, खाप सक्रेटरी श्री नरसिंह सांगवान उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ० मन्जू सांगवान के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया तथा कॉलेज रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रधान श्री सुरेन्द्रपाल सिंह जी ने अतिथियों के समक्ष महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में रूपांतरित करने का दृष्टिकोण रखा जिसकी सबने सराहना की। ग्राम पंचायत झोझू कलाँ की तरफ से कुछ दिन पहले 12 एकड़ जमीन महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनाने के लिए प्रदान की गई थी। उपस्थित सभी समाज सेवियों ने भी इस पहल में अपना योगदान देना सुनिश्चित किया जिसके लगभग एक करोड़ अड़तीस लाख रू० की राशि दान स्वरूप महाविद्यालय को दान दी।। जिसमें मुख्यतः 1 करोड़ की दान राशि श्री सोमबीर घसौला श्री राकेश बैनीवाल तथा श्री विनित पिलानियां द्वारा संयुक्त रूप से दी गई। 22 लाख रू0 की दान राशि श्री अनिल सांगवान कालूवाला ने समिति को दी। श्री महादेव बलाली ने 11 लाख, श्री सुभाष सेठ भिवानी ने 2 लाख, श्री सतीश सांगवान झोझू कलाँ ने 1 लाख, श्री सुरेन्द्र सरपंच बिरही कलां ने 51000, श्री पुनित सरपंच गोरीपुर ने 51000, श्री काला बामल कादमा ने 51000, कप्तान बलबीर सिंह झोझू कलां ने 21000 रू0 की राशि कॉलेज का दानस्वरूप दी। इसी क्रम में मा0 रामधारी सिंह ने 11000, श्री संदीप झोझू ने 11000, श्री फतेह सिंह झोझू कलाँ ने 11000, श्री अनिल झोझू कलाँ ने 11000, श्री सुरेश झोझू कलाँ ने 11000 की राशि कॉलेज का दान दी। विश्वविद्यालय बनाने की इस पहल में ग्राम पंचायत झोझू कलाँ के सरपंच श्री अशोक सांगवान ने यह घोषणा की कि महिला महाविद्यालय प्रागंण के विकास के लिए सरपंच कोटे से 42 लाख रू0 की लागत का काम करवाया जाएगा।



उत्सव | श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं के साथ श्रीकृष्ण कथामृत संपन्न

## भगवान श्रीकृष्ण का जीवन चरित्र मनुष्य के जीवन के लिए प्रेरणास्त्रोत : साध्वी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

खाकी बाबा मंदिर में पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथामृत भक्तिमय माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी जयंती भारती ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न दिव्य लीलाओं की कथा सुनाई। इस दौरान साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन किया। पांच दिवसीय कथा के दौरान श्रद्धालुओं की तादात भी भारी तौर पर देखने को मिली। इस दौरान यजमान के तौर पर सतीश वैद, नैंसी, अधिवक्ता अविनाश सरदाना पहुंचे। वहीं कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वी जयंती भारती ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन चरित्र हमारे जीवन के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है।



उन्होंने कहा कि प्रभु की कथा एक परिवर्तन एवं क्रांति है। उन्होंने कहा कि हमारे समस्त शास्त्रों का भी यही उद्घोष है आत्म-दर्शन, ब्रह्म साक्षात्कार, हमारे जीवन का ध्येय है। साध्वी जयंती भारती ने कहा कि आध्यात्म ही संपूर्ण विकास की प्रक्रिया है। यही समस्त वेदों का सार है। हमारी भारतीय संस्कृति की महानता का प्रचार-प्रसार संपूर्ण विश्व में विख्यात है। उन्होंने कहा कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आध्यात्म क्रांति के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी कार्यरत्त है। संस्थान का उद्देश्य संपूर्ण विश्व को बंधुत्व की भावना में पिरोकर एक ही परिवार का रूप प्रदान करना है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, विभाग संघ चालक सत्यनारायण मित्तल, अनाज मंडी प्रधान नरेश गर्ग, दर्शन मिढ्ढा प्रधान, ओमप्रकाश नंदवानी, कृष्ण कुमार हंस, यशपाल महता, रमेश कुमार ग्रोवर, पवन मदान, प्रदीप वर्मा, महिंद्र जसवाल, अनिल कुमार, पुरुषोत्तमदास, अशोक शर्मा, राकेश कुमार सिंगला व जगदीश गिरधर श्रद्धालु मौजूद रहे।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (201 से 250)

❖ श्री दलवीर सिंह सुपुत्र श्री दयानंद, 668/5, उत्तम विहार, रोहतक ❖ श्री नीरू, 993/18, रोहतक ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री सोमनाथ, 527/25, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री जयप्रकाश सुपुत्र श्री भीम सिंह, नांदल, लाखनमाजरा, रोहतक ❖ श्रीमति वीरा देवी पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 26, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नीरू चहल सुपुत्र श्री श्रवण कुमार, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री राजेश कुमार सुपुत्र श्री दीपचंद, म.नं. 1306/31, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री हरविंदर सिंह सुपुत्र श्री होशियार सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री तुषार कथूरिया सुपुत्र रविंदर कथूरिया, म.नं. 194818, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री श्याम कपूर सुपुत्र श्री मूलचंद कपूर, सी 312, नजदीक शिव मंदिर, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री सुमेर सिंह सुपुत्र स्व. श्री निहाल सिंह, गांव सैमाण, तह. महम, रोहतक ❖ श्री हरीश कुमार सुपुत्र श्री खरेती लाल, 709/12, प्रधाना मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कैलाश चंद्र सुपुत्र हरिसिंह, 1445/22, ओल्ड विजय नगर, रोहतक ❖ श्री प्रमोद सुपुत्र राज सिंह, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मांगेराम सुपुत्र लखीराम, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ श्री सुरेंद्र सुपुत्र देव सिंह, 2149/50 सेक्टर 1, रोहतक ❖ परिणीता सुपुत्र कुलदीप, सेक्टर 1, रोहतक ❖ श्री राजेन्द्र कृपाल सुपुत्र स्व. शिवराम, 95/29, जसबीर कालोनी, रोहतक ❖ श्री कंदीप सुनेजा सुपुत्र श्री हरीश सुनेजा, 1210/5, पंजी मौहल्ला, तह. व जिला रोहतक ❖ श्री संदीप सूरजा सुपुत्र श्री हरीश सूरजा, 1210/5, पीरजी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश ढुल सुपुत्र बलवंत सिंह, शास्त्री नगर, हिसार बाईपास रोहतक ❖ श्री मोहित चुघ सुपुत्र श्री मदनलाल, 52ए/26, जवाहर नगर रोहतक ❖ श्री ओमपति प्रताप सिंह सुपुत्र स्व. प्रताप सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री वंश सुपुत्र रोहित जसपाल, हनुमान कॉलोनी, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्रीमति त्रिपति विज पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 323, फेस सी, प्रीत विहार, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, रोहतक ❖ श्रीमति संतोष पत्नी श्री राजबीर सिंह, देव कॉलोनी, नजदीक सीएसडी कैंटीन, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री ऋषि राम, म.नं. 659/45/21, विशाल नगर, रोहतक ❖ श्री रवि सुपुत्र प्रदीप, गांव मोखरा (रोज), रोहतक ❖ श्री संदीप सुपुत्र श्री भगत सिंह, 650/35, जनता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मनोहर लाल सुपुत्र श्री जीवनदास, गांव बैंसी, पुराना बाजार, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति गुनिका सुपुत्र श्री प्रवीन कुमार, म.नं. 643 सी/30, आदर्श नगर, रोहतक ❖ श्री जय किशन आरती सुपुत्र श्री रामचंद्र, किलोई (दोपाना), रोहतक ❖ श्री दीपक सुपुत्र श्री रामकिशन म.नं. 136 टाइप नं. 1, एमडीयू कैंपस ❖ श्री राजेंद्र सिंह सुपुत्र श्री शीशपाल, गांव व डा. नांदल, रोहतक ❖ श्रीमति ऋतिका सुपुत्री श्री नारायण सिंह, वार्ड नं. 10, नियर रविदास मंदिर, कलानौर, रोहतक ❖ श्री धर्मवीर सिंह सुपुत्र श्री रामस्वरूप, म.नं. 2354, नई राजेन्द्रा कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राहुल सुपुत्र श्री सुरेश, खरक जाटान, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्री अन्नु सुपुत्र बिजेंद्र, खरक जाटान, तह. लाखनमाजरा रोहतक ❖ श्री सुंदर सिंह सुपुत्र श्री देवेंद्र सिंह, गांव भालौठ, रोहतक ❖ श्रीमति कौशल्या रानी सुपुत्र श्री कलीराम, 143, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र प्रभाती राम, म.नं. 575/31, अंबेडकर कॉलोनी गली नं. 3, रोहतक ❖ श्री भगवान सुपुत्र इन्द्र सिंह, राव्याण, किलोई दोपाना, रोहतक ❖ श्रीमति सुशील देवी सुपुत्री श्री राजेंद्र सिंह, 582/29, तिलक नगर, रोहतक ❖ श्रीमति भावना भाटिया पत्नी रमेश कुमार, चिन्योट कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नरसिंह दास सुपुत्र श्री राम सहाय, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री मुन्नीलाल सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, म.नं. 98, पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री सुभाष चंद्र सुपुत्र श्री अर्जुन दास, 69 बी/3, मंदीप स्कूल वाली गली, रोहतक ❖ श्री जोगिन्दर प्रकाश चावला सुपुत्र श्री राम नारायण, 73/4, शिवाजी कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री अजय सिंधु सुपुत्र बीएस सिंधु, म.नं. 815/29, कमल कॉलोनी, रोहतक ❖ श्रीमति पूनम सुपुत्री श्री नरेंद्र सिंह, जाट कॉलोनी, वार्ड नं. 15, कलानौर, रोहतक

क्रमशः शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेन्द्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल, फोन : 8295738500, 9253681005

